मारुति सुजूकी के मुनाफे में 24 प्रतिशत की तेजी

बीएस संवाददाता/एजेंसियां
नई दिल्ली/चेन्नई/मुंबई, 28 जनवरी

भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति सुजूकी ने आज कहा कि जिंस कीमतों में ऊंची वृद्धि के बावजूद कंपनी द्वारा कीमत वृद्धि की सीमित संभावना है, क्योंकि मांग अभी भी अनिश्चित बनी हुई है। कंपनी की यह टिप्पणी बिक्री वृद्धि में तेजी के बावजूद कमजोर मार्जिन के बारे में विश्लेषकों द्वारा प्रबंधन से पूछे गए सवालों के बीच आई है।

दिसंबर 2020 की तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,941.4 करोड़ रुपये रहा है। हालांकि परिचालन मार्जिन 70 आधार अंक तक घ्ज्ञटकर 9.5 प्रतिशत रह गया, जो समीक्षाधीन अवधि में 10.2 प्रतिशत था। कच्चे माल की कीमत में आई भारी तेजी, और अन्य खर्च बढ़ने की वजह से परिचालन मार्जिन प्रभावित हुआ।

कंपनी के कार्यकारी निदेशक (बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, 'हमें कीमत वृद्धि की मात्रा को लेकर सतर्क रहने की जरूरत होगी, जिससे कि मांग प्रभावित न हो। मैं जानता हूं कि हम सब मुनाफे को लेकर चिंतित हैं, लेकिन हमें राजस्व का भी ध्यान रखना होगा।'

हालांकि मारुति सुजूकी का मार्जिन 70 आधार अंक घटकर 915 प्रतिशत रहा

विभिन्न उत्पादन लागत मे वृद्धि को ध्यान में रखते हुए मारुति ने 10 जनवरी से अपने वाहनों की कीमतें बढ़ाई हैं।

कंपनी परिणाम

टीवीएस मोटर को 266 करोड़ रुपये का मुनाफा

टीवीएस मोटर कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 266 करोड़ रुपये का कर-बाद लाभ (पीएटी) दर्ज किया है। कंपनी ने 2020-21 की तीसरी तिमाही में 5,404 करोड़ रुपये का शानदार राजस्व हासिल किया, जबकि 2019-20 की तीसरी तिमाही में यह आंकड़ा 4,126 करोड़ रुपये था। कंपनी ने तीसरी तिमाही में 511 करोड़ रुपये का शानदार एबिटा दर्ज किया है जो 2019-20 की समान तिमाही के 363 करोड़ रुपये के मुकाबले 41 प्रतिशत की वृद्धि है। कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 363 करोड़ रुपये का पीबीटी दर्ज किया जो 2019-20 की समान तिमाही में 146 करोड़ रुपये था। 2020 की तीसरी तिमाही में घरेलू बाजार में दोपहिया बिक्री 21 प्रतिशत और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बिक्री 31 प्रतिशत तक घटी थी।

आरबीएल बैंक का लाभ 110 प्रतिशत बढ़ा

निजी क्षेत्र के ऋणदाता आरबीएल बैंक का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में बढ़कर 147 करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2020 की समान अवधि में 70 करोड़ रुपये था। बैंक को अन्य में वृद्धि के साथ साथ कम परिचालन लागत से मदद मिली। बैंक ने दिसंबर तिमाही में 805 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ दर्ज किया, जो एक साल पहले की अवधि के मुकाबले 12 प्रतिशत तक ज्यादा है। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) सालाना आधार पर 2 प्रतिशत घटकर 908 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 923 करोड़ रुपये थी। बैंक ने समान अवधि में 4.19 प्रतिशत का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) दर्ज किया। बैंक प्रबंधन ने कहा है, 'अगले कुछ महीनों के दौरान, एनआईएम और अन्य आय कोविड-पूर्व दर पर पहुंचना शुरू हो जाएंगी।' बीएसई पर बैंक का शेयर 215 रुपये पर बंद हुआ।

आईडीबीआई बैंक का मुनाफा बढ़ा

निजी क्षेत्र के ऋणदाता आईडीबीआई बैंक ने दिसंबर 2020 में समाप्त तीसरी तिमाही में 378 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। बैंक को शुद्ध ब्याज आय में आई तेजी की वजह से मदद मिली है। यह लगातार चौथी तिमाही है जब बैंक ने मुनाफा दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2020 की तीसरी तिमाही में में बैंक ने 5,763 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान दर्ज किया था। बैंक का शेयर बीएसई पर 2.17 प्रतिशत बढ़कर 28.3 रुपये पर बंद हुआ। समीक्षाधीन अवधि के लिए शुद्ध ब्याज आय 18 प्रतिशत बढ़कर 1,810 करोड़ रुपये रही। वहीं शुद्ध ब्याज मार्जिन 60 आधार अंक सुधरकर दिसंबर तिमाही में 2.87 प्रतिशत रहा। बैंक की जमाएं दिसंबर 2019 के 1,18,180 करोड़ रुपये से बढ़कर दिसंबर 2020 में 2,24,399 करोड़ रुपये पर पहुंच गईं।

इंडिगो को 620 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा

किफायती सेवाएं देने वाली एयरलाइन इंडिगो को चालू वित्त वर्ष की दिसंबर, 2020 में समाप्त तीसरी तिमाही में 620 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में एयरलाइन ने 496 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। चालू वित्त वर्ष की जून और सितंबर तिमाही में भी एयरलाइन को क्रमश: 2,884 करोड़ रुपये और 1,194 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। इंडिगो ने बृहस्पतिवार को बयान मे कहा कि तिमाही के दौरान एयरलाइन की कुल आय भी 50 प्रतिशत घटकर 5,142 करोड़ रुपये रह गई। दिसंबर, तिमाही में उसका कुल खर्च 41 प्रतिशत घटकर 5,765 करोड़ रुपये रह गया। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रणजय दत्ता ने कहा, 'उपभोक्ताओं का हमारे उत्पाद में भरोसा काफी संतुष्ट करने वाला है। हम पूर्ण पुनरोद्धार के लिए कदम उठा रहे हैं।' इंडिगो ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी टिकट बुकिंग या लोड फैक्टर 72 प्रतिशत रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 87.6 प्रतिशत था।

अदाणी पोर्ट्स ने जुटाए 50 करोड़ डॉलर

अदाणी समूह की बंदरगाह और लॉजिस्टिक कंपनी अदाणी पोर्ट्स ऐंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीसेज) 3.10 फीसदी फिक्स्ड कूपन से 50 करोड़ डॉलर के 10 वर्षीय बुलेट अनसिक्योर्ड अमेरिकी डॉलर नोट जुटाने में सफल रही। इस पेशकश को प्रमुख बाजारों और भौगोलिक क्षेत्रों के बड़े निवेशकों से जबरदस्त योगदान मिला जिससे ऑर्डर बुक तकरीबन छह गुना हो गई। यह इस वित्त वर्ष में अदाणी समूह की बंदरगाह कंपनी का तीसरा और एपीसेज का दूसरा निर्गम था जिसका कुल मूल्य 1.5 अरब डॉलर से ज्यादा रहा। एपीसेज के पूर्ण कालिक निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी करण अदाणी ने कहा कि वर्तमान निर्गम हमारे पूंजी प्रबंधन कार्यक्रम का हिस्सा है। *बीएस*

एक सप्ताह में बीएसई-500 के 10 में से 8 शेयरों में आई गिरावट

सुंदर सेतुरामन
मुंबई, 28 जनवरी

पिछले एक सप्ताह में बीएसई-500 के 80 प्रतिशत से ज्यादा शेयर गिरावट के शिकार हुए हैं। 20 जनवरी को सेंसेक्स के 50,000 के निशान को छूने के बाद से सेंसेक्स में 6 प्रतिशत की कमजोरी आ चुकी है। हालांकि प्रमुख सूचकांकों में गिरावट काफी कम रही, लेकिन कुछ शेयरों में बड़ा नुकसान देखने को मिला है। बीएसई 500 सूचकांक के 416 शेयरों में औसत 5.4 प्रतिशत की कमजोरी आई है। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि बाजार में अच्छी तेजी आई थी और उसमें गिरावट संभावित थी। 1 नवंबर और 20 जनवरी के बीच सेंसेक्स, बीएसई-500 और स्मॉलकैप सूचकांकों में 26-26 प्रतिशत की तेजी आई थी, जबकि मिडकैप सूचकांक करीब 30 प्रतिशत चढ़ा था।आईडीबीआई कैपिटल के शोध प्रमुख एके प्रभाकर ने कहा, 'अच्छी तरलता की वजह से बाजार तेजी से चढ़ा है। अब फंड प्रवाह घटा है जिससे बाजार नीचे आया है।'उन्होंने कहा, 'इस गिरावट ने दीर्घावधि निवेशकों के लिए प्रवेश का अच्छा मौका दिया है। निवेशकों को बढ़त की संभावना वाले दमदार शेयर खरीदने चाहिए। उन्हें उन शेयरों को नजरअंदाज करना चाहिए जिनके फंडामेंटल्स मजबूत नहीं हैं। बाजार में मूल्य वाले कुछ पॉकेट होते हैं और निवेशकों को बाजार में गिरावट को लेकर बेवजह चिंतित होने की जरूरत नहीं है।'

बीएसई 500 सूचकांक में शामिल जिन 20 शेयरों में जनवरी 2020 से अब तक सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई है उनमें पिछले तीन महीनों के दौरान औसत 60 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। कुछ शेयरों में नवंबर के बाद अपेक्षाकृत मामूली बढ़त दर्ज की गई थी और उनमें बढ़त की काफी संभावनाएं मौजूद थी। ऐसे शेयर हालिया गिरावट के दौरान अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखने में सफल रहे हैं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख (खुदरा) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'पिछले कुछ महीनों के दौरान बाजार तेजी से बढ़त दर्ज की गई थी और फिलहाल वह प्रीमियम मूल्यांकन पर कारोबार रहा है। इसके अलावा काफी सकारात्मक घटनाओं का भी प्रभाव पड़ा है।'

STATEMENT OF (STANDALONE & CONSOLIDATED) UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2020

(Rs. in Lakhs)

S. No.	Particulars	Standalone				
		For the Quarter Ended on 31-12-2020	For the Quarter Ended on 30-09-2020	For the Quarter Ended on 31-12-2019	For the Nine Months Ended on 31-12-2020	For the Nine Months Ended on 31-12-2019
1	Total income from Operations	14,686	13,004	12,151	31,961	36,446
2	Net Profit/(loss) for the period (before Tax and Exceptional items)	940	393	79	(494)	236
3	Net Profit/(loss) for the period (before Tax after Exceptional items)	940	393	79	(223)	236
4	Net Profit/(loss) for the period (after Tax after Exceptional items)	710	296	38	(98)	141
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(loss) for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax)	727	312	54	(49)	189
6	Paid up Equity Share Capital (Face value of ₹ 10/- each)	1,434	1,434	1,428	1,434	1,428
7	Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (For continuing operations)					
	1. Basic (amount in ₹)	4.96	2.06	0.27	(0.69)	0.99
	2. Diluted (amount in ₹)	4.92	2.04	0.26	(0.69)	0.98

S. No.	Particulars	Consolidated				
		For the Quarter Ended on 31-12-2020	For the Quarter Ended on 30-09-2020	For the Quarter Ended on 31-12-2019	For the Nine Months Ended on 31-12-2020	For the Nine Months Ended on 31-12-2019
1	Total income from Operations	14,686	13,004	12,151	31,961	36,446
2	Net Profit/(loss) for the period (before Tax and Exceptional items)	983	429	114	(454)	293
3	Net Profit/(loss) for the period (before Tax after Exceptional items)	983	429	114	(183)	293
4	Net Profit/(loss) for the period (after Tax after Exceptional items)	753	332	73	(58)	198
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(loss) for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax)	770	348	89	(9)	246
6	Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each)	1,434	1,434	1,428	1,434	1,428
7	Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (For continuing operations)					
	1. Basic (amount in ₹)	5.26	2.32	0.49	(0.40)	0.99
	2. Diluted (amount in ₹)	5.21	2.30	0.49	(0.40)	0.98

Note:

1. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meetings held on 28th January, 2021. The financial results for the quarter and Nine Months ended December 31, 2020 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of quarterly/annual financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the stock exchange websites. (URL-www.nseindia.com and www.bseindia.com) and also on Company's website at https://www.orientbell.com.
3. There is no change(s) in accounting policies which impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of Orient Bell Limited
Madhur Daga
Managing Director

Place : New Delhi
Date : 28th January 2021

Orient Bell Limited
CIN: L14101UP1977PLC021546
Registered Office : 8, Industrial Area, Sikandrabad - 203205, Dist. Bulandshahr, U. P.
Corporate Office : Iris House, 16 Business Center, Nangal Raya, New Delhi-110 046
+91-11-47119100 | investor@orientbell.com | www.orientbell.com

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
विजया VIJAYA | देना DENA

जैडओएसएआरबी, 13 वां तल, बैंक ऑफ बडौदा बिल्डिंग, 16, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

बिक्री सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

परिशिष्ट– IV-A [नियम 9 देखें (1)]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9(1) के परंतुक के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है। **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य तथा ईएमडी नीचे संबंधित सम्पत्तियों के विवरण के सामने वर्णित की गई हैं :

S. No	कर्जदार/रों गारंटर/रों/निर्देशक/पार्टनर का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का वर्णन ज्ञात ऋणभार, यदि कोई, सहित	कुल बकाया राशि	ई–नीलामी की तिथि एवं समय	सुरक्षित मूल्य / ईएमडी / न्यूनतम बोली वृद्धि राशि	कब्जा की स्थिति (प्रलक्षित/भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	श्रीमती नासिरा बेगम पत्नी मोहम्मद, कामिल मोहम्मद कामिल पुत्र श्री ग्यासुद्दीन, मोहम्मद मोहसिन पुत्र मोहम्मद कामिल, (सभी उधारकर्ता हैं) **नोट:** एनडीएमसी वेबसाइट पर अपलोड किए जाने के बाद, इस संपत्ति पर दिनांक 18.01.2021 की अंतिम अंतिम तिथि के अनुसार ₹ 85 3,36,85,065.00 का बकाया है, जो नीलामी के खरीदार द्वारा वहन किया जाएगा।	फ्रीहोल्ड रेजिडेंशियल प्रोपर्टी का सभी पार्ट और पार्सल प्लॉट नंबर 17, ब्लॉक 205–ए जिसे 98, बाबर रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली के नाम से जाना जाता है, प्रोपर्टी श्रीमती नसरा बेगम (नासिरा बेगम के नाम से भी जाना जाता है) कुलक्षेफल 972.84 वर्ग यार्ड है।	रू. 46.76 करोड़ + आगे ब्याज एवं प्रभार 01.03.2019	19.02.2021 अप. 02.00 बजे से अप. 06.00 बजे तक	रू. 40.00 करोड़ / रू. 4.00 करोड़ / रू. 5.00 लाख	भौतिक	12.02.2021 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक
2.	श्रीमती नासिरा बेगम पत्नी मोहम्मद कामिल, मोहम्मद कामिल पुत्र श्री ग्यासुद्दीन, मोहम्मद मोहसिन पुत्र मोहम्मद कामिल, (सभी उधारकर्ता हैं)	फ्री होल्ड प्रोपर्टी का सभी पार्ट और पार्सल प्लॉट नंबर 136–136ए, ब्लॉक 205–ए जिसे 98, बाबर रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली के नाम से जाना जाता है, प्रोपर्टी श्रीमती नासिरा बेगम, मो. मोहसीन और मो. कमिल के नाम पर है। कुलक्षेफल 575 वर्ग यार्ड है।	रू. 28.39 करोड़ + आगे ब्याज एवं प्रभार 01.03.2019	19.02.2021 अप. 02.00 बजे से अप. 06.00 बजे तक	रू. 22.15 करोड़ / रू. 2.22 करोड़ / रू. 5.00 लाख	भौतिक	12.02.2021 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक
3.	मैसर्स रंजीत प्लास्टिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, 4316/192, 1 और 2, 4 वीं मंजिल, सैनी मार्केट, बहादुरगढ़ रोड, सदर बाजार, दिल्ली –110006, निदेशक/गारंटी: श्रीमती अलका निगम, श्री सतीश कुमार निगम, श्री आशीष निगम, श्रीमती कशिश निगम, श्रीमती ईशा त्यागी, श्रीमती पूजा मलिक, श्रीमती अलका निगम श्री आशीष निगम	फ्री होल्ड प्रोपर्टी का सभी पार्ट और पार्सल प्रोपर्टी न्यायसंगत बंधक प्लॉट नंबर 172सी सेक्टर–12, आवासीय कॉलोनी रामप्रस्था, गांव–महराजपुर, प्रगना–लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद उ.प्र. कुल क्षेत्रफल लगभग 1550 वर्ग फीट में बना हुआ है।	रू. 4,13,48,253.99 (समावेशी ब्याज 29.04.2017 तक + अनपेक्षित ब्याज + अन्य खर्च और शुल्क	19.02.2021 अप. 02.00 बजे से अप. 06.00 बजे तक	रू. 42.00 लाख / रू. 4.20 लाख / रू. 0.50 लाख	भौतिक	12.02.2021 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक
4.	मेसर्स शंभू स्टील्स फोर्जिंग प्रा. लि.	फ्री होल्ड प्रोपर्टी स्थित है खसरा नं. 725, (क्षेत्रफल 8960 वर्ग मीटर) और 726 (क्षेत्रफल 650 वर्ग मीटर) कुल क्षेत्रफल 9610 वर्ग मीटर गांव–पोपई, तहसील और जिला गढमुक्तेश्रर, जिला हापुर, उ. प्र.। प्रोपर्टी मेसर्स संभु स्ट्रील फोर्जिंग प्रा. लि. के नाम पर है।	रू. 5,95,76,764.00 + आगे ब्याज एवं प्रभार	19.02.2021 अप. 02.00 बजे से अप. 06.00 बजे तक	रू. 81.00 लाख / रू. 8.10 लाख / रू. 0.50 लाख	भौतिक	12.02.2021 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक
5.	प्रबंध निदेशक: मैसर्स देवऋषि फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, निदेशक: श्री विपिन जैन, श्री निखिल जैन, प्लॉट नं 1897, मुखपालिपुर रोड, अलीपुर, दिल्ली –110036 गारंटी: श्री विपिन जैन, श्री राजीव जैन, श्रीमती अंजलि जैन, श्री निखिल जैन, श्री विकाश सचदेवा, श्रीमति सुलेख चंद जैन	P3A027, क्षेत्र 91.22 वर्ग। मीटर, विंग ए, दूसरी मंजिल, टॉवर नंबर पी–3–ए, डीएलएफ सिटी फेज–V, प्रिंसटन एस्टेट गुड़गांव (हरियाणा) में विकास सचदेवा और श्रीमती शालिनी सचदेवा के नाम पर स्थित है। चौहद्दी: पूर्व– फ्लैट नंबर P3A-28, पश्चिम– फ्लैट नंबर P3A-26, उत्तर– सामान्य मार्ग, दक्षिण–खुला क्षेत्र	रू. 6,38,90,294.57 + आगे ब्याज एवं प्रभार 01.05.2018	19.02.2021 अप. 02.00 बजे से अप. 06.00 बजे तक	रू. 87.00 लाख / रू. 8.70 लाख / रू. 0.50 लाख	भौतिक	12.02.2021 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक
6.	मेसर्स जी.बी. एक्सपोर्ट, ए –291/1, पहली मंजिल, ओखला औद्योगिक, फेस– I, नई दिल्ली –110020, श्री अरुण कुमार गुप्ता पुत्र श्री के सी गुप्ता, (प्रोपराइटर) श्रीमती रेणु गुप्ता पत्नी श्री अरुण कुमार गुप्ता (गारंटर)	वाणिज्यिक संपत्ति के सभी भाग और पार्सल बेयरिंग सं. 18,19 और 20, दूसरी मंजिल, क्राउन प्लाजा, 29 वां केएम स्टोन, सेक्टर 15 ए, फरीदाबाद हरियाणा जिसमें संपत्ति का विस्तार 328.88 वर्ग मीटर में श्री अरुण कुमार गुप्ता पुत्र श्री के सी गुप्ता के नाम पर है। चौहद्दी:– पूर्व– मार्ग, पश्चिम– खुला क्षेत्र, उत्तर– दुकान नंबर 16, दक्षिण– दुकान नंबर 15	रू. 1,72,94,912.00 + आगे ब्याज एवं प्रभार 01.01.2019	19.02.2021 अप. 02.00 बजे से अप. 06.00 बजे तक	रू. 163.00 लाख / रू. 16.30 लाख / रू. 1.00 लाख	भौतिक	12.02.2021 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm तथा https://ibapi.in में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें। संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी श्री पी गंगटे से भी फोन नंबर 011–23441320 अथवा मोबाइल नंबर 9711908984 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

स्थान : नई दिल्ली, दिनांक : 28.01.2021 (पी गंगटे), प्राधिकृत अधिकारी